CAPRI LOANS

January 21, 2025

The Secretary
BSE Limited
Pheeroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort
Mumbai - 400 001
Scrip Code: 531595

The Secretary
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No- 'C' Block, G Block
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai – 400 051
Scrip Code: CGCL

**Sub: Capri Loans launched unique Wall Art at Mahakumbh Mela 2025 - Press Release**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith Press Release titled "**Capri Loans launched unique Wall Art at Mahakumbh Mela 2025**". "**Sapno ka Sangam**" is our awe-inspiring mural at Prayagraj, as a tribute to the aspirations of millions across our nation through the Capri brand story.

You are requested to kindly take the same on records.

Thanking you,

Yours faithfully,
for **Capri Global Capital Limited**

Yashesh
Pankaj
Bhatt

Digitally signed by Yashesh Pankaj Bhatt
DN: c=IN, o=Personal, title=6864,
2.5.4.20=b3e7ea901c9a729b6569714909dc863465c42a6ccee67d63a046221ffe69079d, postalCode=400101,
st=Maharashtra,
serialNumber=6cf397ef478005ac82073195cebc3c26bc9eaf314477eccca9d035912ec460db, cn=Yashesh Pankaj Bhatt
Date: 2025.01.21 11:24:31 +05'30'

**Yashesh Bhatt**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: A20491**

Encl.: As above

**Capri Global Capital Limited**
(CIN: L65921MH1994PLC173469)
502, Tower - A, Peninsula Business Park, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra - 400013
+9122 4088 8100/4354 8200 | contact@capriglobal.in | www.capriloans.in

# केप्री लोन्स ने महाकुंभ मेला 2025 में अनोखे वॉल आर्ट लैंडमार्क का उद्घाटन किया

*कला के ज़रिये ब्रांड की कहानी को दर्शाने की एक अनोखी पहल*

**<u>मुंबई, 20 जनवरी, 2025</u>**: केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है जिसे **'केप्री लोन्स'** के ब्रांड नाम से जाना जाता है। केप्री लोन्स ने प्रयागराज संगम में चल रहे महाकुंभ मेले में एक शानदार और वाइब्रेंट वॉल म्युरल पेंटिंग को लॉन्च किया है। इस वॉल म्युरल पेंटिंग को गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के पवित्र संगम के नजदीक लगाया गया है, जो सांस्कृतिक प्रतीक के साथ-साथ महत्वपूर्ण लैंडमार्क की भूमिका निभाता है। इस प्रकार, यह सदियों पुराने इस शानदार उत्सव के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व का सम्मान करते हुए, यहाँ आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों और लोगों को राह दिखाने का काम भी करता है।

'*सपनों का संगम*' शीर्षक वाला यह म्युरल प्रगति, कभी हार न मानने के जज़्बे और बदलाव की बड़ी मनमोहक कहानी बयां करता है। यह कई अलग-अलग किस्सों को बड़ी खूबसूरती से जोड़ता है, जिसमें मिट्टी को आकार देने वाले कुम्हार, अपने बच्चे का हौसला बढ़ाने वाली माँ, अपना भविष्य संवारने वाली महिलाओं और अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करने वाले लोगों को दिखाया गया है। एक अटूट धागे से जुड़ी ये कहानियाँ अलग-अलग इंसानों के सफर के साथ-साथ गोल्ड लोन, होम लोन और MSME लोन जैसी सेवाओं के ज़रिये अपने ग्राहकों के सपनों और उन्हें साकार करने के लिए साथ देने के केप्री लोन्स के अटल इरादे को भी दर्शाती हैं।

जिस तरह प्रयागराज में नदियों का संगम होता है, जो एक साथ लाखों लोगों के सपने और उन्हें हकीकत में बदलने की क्षमता का प्रतीक है, ठीक उसी तरह इस म्युरल का डिज़ाइन भी लोगों के अलग-अलग अरमानों के संगम को दर्शाता है। बेहद आकर्षक रंग और कला की बारीकियों से सजे इस म्युरल में इस क्षेत्र की समृद्ध स्थानीय कलाकारी की झलक दिखाई देती है, जो इसकी सांस्कृतिक विरासत का सार प्रस्तुत करते हैं। यह कलाकृति इस क्षेत्र की सामुदायिक भावना के साथ-साथ असीमित संभावनाओं को भी प्रस्तुत करती है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए, **केप्री ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजेश शर्मा** ने कहा, “महाकुंभ मेला एक आयोजन से कहीं बढ़कर है— यह लोगों की आस्था, एकजुटता और परम सत्य की खोज के सनातन मूल्यों की जीती-जागती मिसाल है। केप्री ग्लोबल में, हम लोगों के इस समागम के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का तहे दिल से सम्मान करते हैं, जहाँ लाखों लोग अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने जीवन में नई ऊर्जा जगाने के लिए एक साथ आते हैं। हम इस वॉल म्युरल के ज़रिये उन सभी लोगों के सपनों और कभी हार न मानने के जज़्बे को सलाम करते हैं, जो हमारे माननीय ग्राहक हैं। यह दर्शाता है कि, हम एक उज्जवल भविष्य के उनके इस सफर में एक भागीदार की भूमिका निभाते हैं। परंपरा को रचनात्मकता के साथ जोड़कर, हमारा उद्देश्य लोगों के अरमानों का सम्मान करना, स्थानीय प्रतिभा को सहयोग देना, और एक ऐसा लैंडमार्क बनाना है जो लोगों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एकजुट करे। हम इस पहल के ज़रिये अपनी साझा विरासत की सुंदरता और गहराई का उत्सव मनाते हैं, इस ऐतिहासिक संगम में आने वाले लोगों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ना चाहते हैं।”

केप्री लोन्स के सहयोग से तैयार किया गया यह म्युरल इस विचार को दर्शाता है कि, सपना चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, उसे फलने-फूलने का मौका मिलना चाहिए। केप्री लोन्स सपनों और उन्हें हासिल करने के बीच की खाई को मिटाकर, उन सभी लोगों के सच्चे साथी के रूप में खड़ा है जो अपने भविष्य को बेहतर बनाने की कोशिश में जुटे हैं— हम लोगों के अरमानों को हकीकत में बदलने में मदद कर रहे हैं।

हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ मेला पूरी दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। महाकुंभ मेला 2025 में दुनिया भर से 400 मिलियन (40 करोड़) से ज़्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। साल 2025 में यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फ़रवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए त्रिवेणी संगम, यानी गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर एकजुट होंगे।

**<u>About Capri Global Capital Ltd:</u>**

Capri Global Capital Limited (Capri Loans) is a diversified Non-Banking Financial Company listed on the Bombay Stock Exchange and National Stock Exchange and is part of the NIFTY Small cap 250 Index. Capri Loans offers tailored product solutions to unbanked and underserved customers as last mile credit delivery across Northern and Western geographies, through its strong network of 1000+ branches spread across 12 States and Union Territories. With an AUM of over Rs 19,000 Crore and serving over 7 Lakh customers through more than 10,000 employees, Capri Loans operates in high-growth segments such as MSME Loans, Gold Loans, Construction Finance and offers Affordable Housing Loans through its 100% subsidiary Capri Global Housing Finance Limited (CGHFL).

The Company also originates Car Loan products in partnership with leading banks and financial institutions and has corporate agency license for distribution of Life, General and Health insurance products. Capri Loans enjoys Long Term Rating of AA by Infomerics & Acuite and Short-Term Rating of A1+ by Crisil Ratings. The Company was recognized as one of the 'Best brands - 2024' at the ET Now Best Brands awards, 'Best BFSI Brand 2021' by The Economic Times, and certified as a Great Place to Work from Great Place to Work Institute for 2024-25, for third consecutive year.

**For further information, please visit:** www.capriloans.in

**<u>For any queries, please contact:</u>**

Jigna Vora | Corporate Communications – Capri Global | +91 9820387751 | Jigna.Vora@capriglobal.in
Sneha Joshi | Dentsu Creative PR | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com